# अपने बच्चों को स्वस्थ और हमारे स्कूलों को रोग-मुक्त रखें।



## स्कूल टीकाकरण चेकलिस्ट

**ओंटारियो में अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराने के लिए उन्हें निम्नलिखित संक्रामक रोगों से प्रतिरक्षण की आवश्यकता होती है:**

- ✔ **मेनिंगोकोक्कल रोग**
- ✔ **पर्टुसिस** (काली खांसी)
- ✔ **वेरिसेला** (चिकनपॉक्स)
  *(2010 में, या इसके बाद पैदा हुए बच्चों के लिए)*
- ✔ **डिप्थीरिया**
- ✔ **टेटनस**
- ✔ **पोलियो**
- ✔ **ख़सरा**
- ✔ **कण्ठमाला**
- ✔ **रूबेला**

**सलाह दिए गए अन्य टीकों के लिए वेबसाइट ontario.ca/vaccines पर उपलब्ध ओंटारियो की टीकाकरण अनुसूची देखें।**

## ओंटारियो की टीकाकरण अनुसूची का पालन करें

एक माता/पिता के रूप में अपने बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ रखना आपकी सबसे पहली प्राथमिकता है। 4 से 17 वर्ष की आयु के बीच के स्कूल जाने वाले सभी बच्चों को ओंटारियो के टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार टीकाकरण की आवश्यकता होती है। टीकाकरण बच्चों को ऐसी कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखता है, जो स्कूलों में आसानी से फैलती हैं।

*इम्युनाइज़ेशन ऑफ़ स्कूल प्युपिल्स एक्ट* के अंतर्गत बच्चों को डिप्थीरिया, टेटनस, पोलियो, खसरा, कण्ठमाला, रूबेला, मेनिंगोकोक्कल रोग, काली खांसी तथा – वर्ष 2010 या उसके बाद पैदा हुए बच्चों के लिए – स्कूल जाने के लिए चिकनपॉक्स के प्रति टीकाकृत होने का प्रमाण देना पड़ता है, जब तक कि उनके पास मान्य अपवाद न हो। जो बच्चे पूरी तरह से प्रतिरक्षित नहीं होते हैं, उन्हें संभावित रूप से स्कूल जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## आपको क्या करने की आवश्यकता है

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या स्थानीय जनस्वास्थ्य इकाई में जाएँ तथा यह सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे के पास स्कूल में प्रवेश लेने के लिए सभी आवश्यक सभी टीके हैं। यदि आपके बच्चे ने टीकाकरण अनुसूची का पालन किया हुआ है, तो किसी और टीके की आवश्यकता नहीं होगी।

क्या आपको मालूम है कि यह आपकी जिम्मेदारी है कि अपने बच्चे के सबसे हाल के टीकाकरण रिकॉर्ड के बारे में आप अपनी स्थानीय जनस्वास्थ्य इकाई को सूचित करें? आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपकी ओर से इन रिकॉर्डों की सूचना नहीं देता है। अपनी स्थानीय जनस्वास्थ्य इकाई ढूँढने के लिए या टीकाकरण के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट ontario.ca/vaccines पर जाएँ।

## हम सभी को एक-दूसरे को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है।

**जब आप अपने बच्चों का टीकाकरण कराते/कराती हैं, तो आप उन्हें व उनके आस-पास के अन्य बच्चों को भी हानिकारक बीमारियों से सुरक्षित रखते/रखती हैं।**

Ontario

# 200 से भी अधिक वर्षों से टीके विश्व-भर में जीवन की रक्षा कर रहे हैं!

## टीके लगवाएँ और निम्नलिखित रोगों से अपने परिवार को बचाएँ।

**पर्टुसिस** (काली खांसी)
काली खांसी एक संक्रामक रोग है, जिससे बच्चों, किशोरवयों और वयस्कों को लंबे समय तक खांसी लगी रहती है। शिशुओं के लिए काली खांसी गंभीर हो सकती है। इस खांसी से बच्चों को उल्टी हो सकती है या थोड़े समय के लिए सांस लेना बंद हो सकता है। इससे गंभीर जटिलताएँ भी पैदा हो सकती हैं, जैसे निमोनिया और शिशुओं में मस्तिष्क की क्षति और दौरे पड़ना।

**वेरिसेला** (चिकनपॉक्स)
चिकनपॉक्स एक संक्रामक रोग है, जिससे थकावट, हल्का सिरदर्द, 39 डिग्री सेल्सियस तक का बुखार, ठंड लगना और मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द होने के एक या दो दिन बाद त्वचा पर लाली, खुजली, फुंसियों जैसे दानेदार चकत्ते आरंभ हो सकते हैं। चिकनपॉक्स से गंभीर जटिलताएँ पैदा हो सकती हैं, जिसमें त्वचा में जीवाणुओं का संक्रमण, कान में संक्रमण और निमोनिया शामिल है।

**मेनिंगोकोक्कल रोग**
मेनिंगोकोक्कल संक्रमण से मेनिनजाइटिस जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती है। मेनिनजाइटिस एक बहुत ही गंभीर संक्रमण है, जो उन लोगों में होता है जिनका संपर्क अन्यथा स्वस्थ दिखने वाले किंतु "वाहक" व्यक्ति से या किसी अन्य रोगग्रस्त व्यक्ति से होता है। मेनिंगोकोक्कल रोग से रक्त विषाक्तता और मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी में संक्रमण भी हो सकते हैं।

**टेटनस**
टेटनस या लॉकजॉ एक गंभीर रोग है, जो टेटनस रोगाणु-युक्त गंदगी के कटी त्वचा में प्रवेश करने पर हो सकता है। इससे मांसपेशियों में ऐंठन और खतरनाक ऐंठन पैदा हो सकती है।

**डिप्थीरिया**
यह नाक, गले और त्वचा का गंभीर रोग है। इससे गले में खराश व बुखार होता है और ठंड लगती है। डिप्थीरिया सांस लेने की समस्याओं, हृदय विफलता और तंत्रिकाओं में क्षति होने के कारण और भी जटिल बन सकता है।

**पोलियो**
पोलियो एक गंभीर रोग है, जो लोगों को पोलियो वायरस-युक्त पानी पीने या भोजन खाने से हो सकता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकता है। पोलियो से तंत्रिका क्षति हो सकती है, व्यक्ति को आजीवन लकवा हो सकता है और यह मृत्यु का कारण भी बन सकता है।

**कण्ठमाला**
कण्ठमाला (मंप्स) वायरस के कारण होने वाला एक संक्रामक रोग है और इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द तथा गाल, जबड़े और गर्दन में सूजन होना शामिल है। इससे सुनने की क्षमता नष्ट होने और मस्तिष्क में सूजन होने जैसी जटिलताएँ भी पैदा हो सकती हैं।

**ख़सरा**
ख़सरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है। इससे तेज बुखार, खांसी, लाल चकत्ते, नाक बहना और आंखों में लाली हो सकती है। ख़सरा के कारण कान में संक्रमण और निमोनिया जैसी जटिलताएँ भी पैदा हो सकती हैं।

**रूबेला**
रूबेला वायरस के कारण होने वाला एक संक्रामक रोग है। रूबेला से बुखार, लाल चकत्ते, सिरदर्द, हल्के रूप से नाक बहना और आंखों में लाली (कंजंक्टिवाइटिस) हो सकती है। इससे गर्भवती महिलाओं और उनके शिशुओं में गंभीर जटिलताएँ पैदा हो सकती हैं तथा वयस्कों में गठिया हो सकता है।

## महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ:

**जिन विद्यार्थियों के टीकाकरण रिकॉर्ड उनकी स्थानीय जनस्वास्थ्य इकाई की फाइल में अप-टु-डेट नहीं हैं, उन्हें स्कूल से तब तक निलंबित किया जा सकता है, जब तक रिकॉर्ड उपलब्ध न करा दिए जाएँ।**

**यदि आपके बच्चे को टीकाकरण से अपवाद की आवश्यकता है, तो कृपया अपनी स्थानीय जनस्वास्थ्य इकाई से बात करें। जो माता-पिता गैर-चिकित्सीय कारणों की वजह से अपने बच्चे को अनिवार्य टीकाकरण से अपवाद दिए जाने के इच्छुक हैं, उन्हें एक शिक्षा सत्र पूरा करना होगा। ध्यान दें कि टीकाकरण से अपवाद-प्राप्त बच्चों को अधिक खतरा होता है और रोग का प्रकोप फैलने पर उन्हें स्कूल से निकाला जा सकता है।**

**Hindi.** Publication No. (301243) ISBN No. 978-1-4868-6725-7, PDF. March 2023. © King's Printer for Ontario, 2023.